हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार 9 सितंबर 2025

11 किसानों को प्रशिक्षण, मार्केटिंग और फाइनेंशल...



12 मार्च-2023 में उद्घाटन के बाद अब फाइनेंस...






## खबर संक्षेप


सतनाली। स्कूल में बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करते पंकज लांबा।

### पिता की पुण्यतिथि पर वितरित की पाठ्य सामग्री

**सतनाली मंडी।** खंड के गांव डालनवास की राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पंकज कुमार लांबा ने अपने पिता की पुण्यतिथि पर स्कूल के विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री वितरित की। प्राचार्य रमन शास्त्री ने बताया कि पंकज कुमार लांबा ने अपने पिता स्व. सतपाल लांबा की द्वितीय पुण्य तिथ पर स्कूल के विद्यार्थियों को नोटबुक एवं पैन वितरित कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने इस नेक कार्य के लिए पंकज कुमार की प्रशंसा की। इस अवसर पर अनिल कुमार, सुखवीर, राकेश कुमार, मनिन्द्र शास्त्री, यशवीर, पिंकी रानी, सुनीता, पूनम देवी, संगीता देवी, पूनम फौगाट आदि सहित स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### दीपिका ने हासिल की पीएचडी की उपाधि

**नारनौल।** शहर में गणेश कॉलोनी निवासी रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर मनोहर लाल की एक बेटी दीपिका ढकवाल ने पीएचडी की उपाधि डॉ.



इंद्र सिंह के नेतृत्व में भूगोल विषय में प्राप्त की है। दीपिका ने इस उपलब्धि का श्रेय माता पिता और बड़ी बहन डॉ. सोनिका को दिया। उन्होंने बताया कि हरियाणा में अच्छी सिंचाई सुविधाओं के कारण फसलों का प्रोडक्शन बड़ा है परंतु भौम जलस्तर बहुत ही नीचे चला गया है, इसके इसलिए हमें ऐसी फैसले लगानी चाहिए, जिससे हमें पानी की जरूरत कम हो तथा उनकी उत्पादक उच्च हो।

### युवा संसद कार्यक्रम में सिहोर की टीम रही प्रथम

**कनीना।** कनीना उपमंडल के गांव सिहोर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बीती 30 अगस्त को आयोजित की गई जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। डाइट महेंद्रगढ़ के प्राचार्य सुनील ने बताया कि इस प्रतियोगिता में खंड स्तर पर पांच स्कूलों रावमा विद्यालय मूलोदी, ताजपुर, दौचाणा, सिहोर व बेरी की टीमों हिस्सा लिया था। कार्यक्रम कोर्डिनेटर डॉ राकेश कुमार ने बताया कि 25 अगस्त से 30 अगस्त तक विभिन्न स्कूलों में युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

## मंगलाचरण के साथ शुरू हुआ जैन समाज का क्षमा वाणी पर्व

# क्षमावाणी पर्व मानव जीवन की आधारशिला: जैन समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सकल दिगंबर जैन समाज की ओर से रविवार देर शाम तक चले क्षमावाणी पर्व बड़ी धूमधाम से जैन मांगलिक भवन में मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम चित्र अनावरण निवर्तमान प्रधान राज कुमार जैन ने किया। दीप प्रज्वलित सर्राफा एसोसिएशन के प्रधान अजीत जैन ने किया। उसके पश्चात मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें निशि जैन द्वारा भजन प्रस्तुत किया। साथ ही त्रिशा जैन, दिशा जैन ने नृत्य प्रस्तुत किए। समाज की महिला मोनिका जैन, सोनू जैन, बबल जैन ने नाटक के माध्यम से दसलक्षण धर्म और क्षमावाणी पर्व के बारे में बताया। वहीं पिछले एक साल में समाज के अंदर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी को सम्मानित किया गया

मध्य प्रदेश से आई हुई ब्रह्मचारी साधना दीदी ने कहा कि क्षमा धर्म विश्व शांति का प्रबल मंत्र है। क्रोध न करना ही क्षमा का दूसरा नाम है। क्षमा मांगने की नहीं स्वयं के अंदर उतारने की आवश्यकता है। जैसे रूप का आभूषण गुण है और गुण का आभूषण ज्ञान है। उसी तरह ज्ञान का आभूषण क्षमा है। क्षमा से विश्वव्यापी समस्याओं का समाधान हो सकता है जैन धर्मावलंबियों ने सालभर में जाने-अनजाने में हुई गलतियों के लिए एक-दूसरे से क्षमा याचना की। जैन मुनियों ने बताया कि क्षमा शब्द मानवीय जीवन की आधारशिला है। जिसके जीवन में क्षमा है, वही महानता को प्राप्त कर सकता है।

क्षमावाणी हमें झुकने की प्रेरणा देती है। दशलक्षण पर्व हमें यही सिख देता है कि क्षमावाणी के दिन हमें अपने जीवन से सभी तरह के बैर को मिटाकर प्रत्येक व्यक्ति से क्षमा मांगनी चाहिए। दूसरों को भी क्षमा करने का भाव है ही क्षमावाणी है।



नारनौल। नृत्य प्रस्तुत करते समाज के बच्चे व उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मान। फोटो: हरिभूमि

### एक साल में जाने-अनजाने में गलती की क्षमा याचना हुई

समाज के अनेक गणमान्य लोगों द्वारा संपूर्ण समाज से क्षमावाणी पर्व पर पिछले एक साल में हुई जो भी जाने अनजाने में गलती उसके लिए क्षमा याचना की गई। पूर्व प्रवक्ता गोपाल जैन ने बताया कि जैन समाज इस पर्व को बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाता है। सभी बुजुर्ग, बच्चों एक दूसरे से क्षमा याचना करते हैं जैन समाज के लोग एकता के साथ रहें और कभी भी एक दूसरे से नाराज न हों। समाज हमें एकता का संदेश देता है। जिनवाणी और णमोकार महामंत्र के उच्चारण के साथ समारोह का समापन किया गया। इस मौके पर निवर्तमान प्रधान राजकुमार जैन, कार्यक्रम संयोजक विजय कुमार जैन, अजीत जैन, नरेश जैन, संदीप जैन, भाजपा आईटी सेल के सदस्य सुरेंद्र जैन, गोपाल जैन, पूर्वेश जैन, रविंदर जैन, कोमल जैन, इंदु जैन अंजलि जैन, नेहा जैन, अंकिता जैन, सरला जैन, चंदा जैन, के अलावा जैन समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हवन एक पवित्र कार्य, रोज करें: राजपाल

■ सिलारपुर की धर्मशाला में साप्ताहिक यज्ञ का आयोजन

*युवाओं को जोड़ कर आर्य समाज को आगे बढ़ाना चाहिए: राजपाल नेताजी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आर्य समाज नांगल चौधरी (रजि.) का साप्ताहिक यज्ञ प्रधान महात्मा राधेश्याम आर्य के ब्रह्मत्व में सिलारपुर की धर्मशाला में किया गया, जिसमें यज्ञमान के रूप में चेतन शर्मा सपत्नीक मौजूद रहे। सभी उपस्थित महानुभावों ने यज्ञ में आहुति डाली। पूर्णाहुति के उपरांत सत्संग कार्यक्रम किया गया, जिसमें सर्वप्रथम डा. अमर सिंह महरानियां ने पांच यज्ञों के बारे में एक भजन के माध्यम से बताया। राजपाल नेताजी ने बताया कि हवन एक पवित्र कार्य है तथा घर में यह कर्म रोजाना करना चाहिए। इसमें युवाओं को जोड़ कर आर्य समाज को आगे बढ़ाना चाहिए। समिति के प्रधान ने भी अपने विचार रखे और अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। प्रधान ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर रामौतार आर्य, धर्मवीर आर्य, डा. रतिराम, सुभाष मिस्त्री, रामपत साहब, डीएसपी रामचंद्र, प्रवक्ता राजकुमार, अशोक कुमार, संतरा देवी, कोषाध्यक्ष कर्णसिंह आदि मौजूद रहे।


नारनौल। सिलारपुर धर्मशाला में यज्ञ करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारी जोरों पर, ऋषिकेश से गंगा जल लाकर तैयार होंगे पवित्र माता रानी के कलश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

टाईगर क्लब की ओर से 22 वें दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों एवं रूपरेखा को लेकर रविवार देर बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता टाइगर क्लब प्रधान राकेश यादव, मुख्य संरक्षक डॉ. शिवकुमार यादव व संरक्षक संजय सैनी ने संयुक्त रूप से की। जिसमें सभी सदस्यों ने महोत्सव की तैयारियों के प्रति अपने-अपने विचार रखे। क्लब के प्रधान राकेश यादव ने अब तक की सभी तैयारियों का ब्यौरा पेश किया।

उन्होंने बताया कि महोत्सव की शुरुआत 22 सितंबर को मां चामुंडा देवी मंदिर से कलश यात्रा निकालकर की जाएगी। जिसमें करीब 3100 महिलाओं के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा मां चामुंडा देवी मंदिर से प्रारंभ होकर महोत्सव स्थल पुरानी कचेहरी मैदान में पहुंचेगी। उसके बाद यूपी, राजस्थान व बंगाल, नई दिल्ली आदि के जाने माने भजन गायक महोत्सव में प्रतिदिन अपने मधुर भजनों की प्रस्तुती पेश करेंगे। क्लब वरिष्ठ उप प्रधान सुरेंद्र यादव ने बताया कि बंगाल के कुशल कारीगरों द्वारा तैयार की गई माता की सुंदर प्रतिमा से भव्य दरबार सजाया जाएगा। सह सचिव प्रमोद सैनी ने बताया कि नवमी पर विशाल भंडारा व दशमी पर माता की विसर्जन हरिद्वार के वी आई पी घाट पर गंगा मां के पवित्र जल में किया जाएगा।


नारनौल। बैठक करते टाईगर क्लब सदस्य। फोटो: हरिभूमि

!!!

इस मौके पर कलश यात्रा प्रमुख टीटू सोनी, कोषाध्यक्ष मनोज सिंहल, सचिव नरेंद्र बंसी, संरक्षक संजय सैनी, सह संयोजक प्रवीण यादव, दरबार व्यवस्था प्रमुख सुनील शर्मा, नवीन वशिष्ठ विश्वास एडवोकेट, ललित सैनी, रवि व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### इस तारीख को यह आएंगे गायककार

22 सितम्बर को पहले नवरात्र अमित चौधरी एवं छम्मा तिवारी
23 सितम्बर को नई दिल्ली से मधु सिंह
24 सितम्बर को जयपुर से रोहित कुमावत
25 सितम्बर को नई दिल्ली से सन्नी एवं पिंकी चावला
26 सितम्बर को अलवर से विजय पंजवानी
27 सितंबर यूपी से गायकार विमल दीक्षित पागल
28 सितम्बर अलवर से मोहन यदुवंशी
29 सितम्बर भिवानी से पीयूष कौशिक
30 सितंबर अष्टमी के सम्पूर्ण रात्रि संकीर्तन में जयपुर से गायिका ममता वाजपेयी अपनी मनमोहक वाणी का जादू बिखेरेंगी।



### कांटी में रैली निकाल किया साक्षरता के प्रति जागरूक

**मंडी अटेली।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांटी के बच्चों ने गांव में जागरूकता रैली निकाली। जिसमें विद्यार्थियों ने साक्षरता के महत्व पर नारे लगाते हुए लोगों को पढ़ने-लिखने के प्रति प्रेरित किया। वही इस मौके पर कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई। इस मौके पर मास्टर बिशन शर्मा ने बताया कि भी इसी माह 28 सितंबर को विद्यालय में एक साक्षरता परीक्षा होगी जिसमें ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवाएं। वहीं साक्षरता के मुख्यत तीन आयाम हैं पहला पढ़ना, दूसरा लिखना और तीसरा दैनिक जीवन के उपयोग में आने वाले गणित का हिसाब किताब करना। यदि ये तीनों आयाम जिस मनुष्य में आ गये हों तो समझें वो साक्षर हो गये है। साक्षर होने से मात्र जीवन का स्तर ही ऊंचा नहीं होगा बल्कि समाज और राष्ट्र भी उन्नत होगा। इसलिए आज साक्षरता दिवस के मौके पर हम सभी संकल्प लें कि कम से कम अपने घर परिवार में कोई भी निरक्षर नहीं रहे।

### छात्राओं को महिला अपराधों पर कानूनी कार्रवाई की साझा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला पुलिस की दुर्गा शक्ति टीम की ओर से सोमवार को राजकीय महिला महाविद्यालय में जागरूकता अभियान चलाया गया। यहां छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया और महिला विरुद्ध अपराधों व पॉक्सो एक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला प्रकोष्ठी में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कॉलेज प्रिंसिपल डॉ यशपाल, डॉ ममता, डॉ सुनीता, डॉ पारुल और काफी संख्या में छात्राएं मौजूद रही। डॉ ममता ने मंच संचालन करते हुए पुलिस टीम का स्वागत किया और छात्राओं को उनके यहां आने का उद्देश्य बताया। इसके बाद दुर्गा शक्ति की पुलिस टीम ने छात्राओं से संवाद किया। दुर्गा शक्ति इंचार्ज निरीक्षक मीनाक्षी ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए विभिन्न हेल्प लाइन नंबरों व नियमों, महिलाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अन्य अपराधों पर कानूनी कार्रवाई के संबंध में विस्तृत रुप से जानकारी दी।


नारनौल। छात्राओं को महिला अपराधों पर कानूनी कार्रवाई की जानकारी देते हुए।

### पोस्टर में सनी स्लोगन में हिमांशु, आइडिया में कृष प्रथम



**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांवी में उद्यमिता पखवाड़े के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रातः कालीन सभा में प्राचार्य सुरेश कुमार की अध्यक्षता में प्रथम, द्वितीय तृतीय छात्रों को सम्मानित किया गया विद्यालय की ओर से प्रवक्ता डॉ जितेंद्र भारद्वाज ने बताया कि उद्यमिता पखवाड़े के तहत आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में पोस्टर मेकिंग में कक्षा 12वीं आर्ट से सन्नी प्रथम, कोमल कक्षा 12वीं कॉमर्स द्वितीय और निशा कक्षा 12वीं कॉमर्स तृतीय रहे।स्लोगन प्रतियोगिता में हिमांशु कक्षा 11वीं कॉमर्स प्रथम, कृष कक्षा 12 कॉमर्स द्वितीय तथा कोमल 12वीं कॉमर्स तृतीय रही। इसी प्रकार आइडिया प्रतियोगिता में 12वीं कॉमर्स के कृष प्रथम, 12वीं आर्ट्स के सनी द्वितीय और 12वीं आर्ट से लोकेश तृतीय रहा। इस अवसर पर कॉमर्स प्रवक्ता राजेश कुमार ने उद्यमिता के बारे में सभी विद्यार्थियों को विस्तार से बताया कि आने वाली पीढ़ी को नौकरियों के साथ-साथ उद्यमिता को अपनाना चाहिए, क्योंकि देश की पूरी जनसंख्या को नौकरियां मिलना संभव नहीं है।

## *मोनू ने गणित में सीएसआईआर जेआरएफ परीक्षा में 95 रैंक की हासिल*

**मंडी अटेली।** सीएसआईआर द्वारा आयोजित नेट परीक्षा में गढी रूथल अटेली की सोनू ने गणित में सीएसआईआर जेआरएफ परीक्षा पास में 95 वा रैंक आल इंडिया स्तर पर हासिल किया है। सीएसआईआर नेट जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) परीक्षा वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआर) द्वारा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनीटीए) के माध्यम से आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है। जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शोधकर्ताओं को जूनियर रिसर्च फेलोशिप प्रदान करती है। उनकी उपलब्धि पर पूर्व विधायक सीताराम यादव ने मोनू को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह परीक्षा पास करने पर विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर (सहायक प्रोफेसर) के पदों के लिए योग्य बनाती है। अटेली कस्बे में कालेज के समीप रहने वाले बिजेंद्र लांबा की पुत्रवधू मोनू पत्नी अंकित यादव ने गणित विषय में पहले ही प्रयास में यह उपलब्धि हासिल की है। अंकित हरियाणा रोडवेज में कार्यरत है तथा उसका विवाह बौचड़िया में हुआ है। वह शुरू से मेधावी है तथा एचटेट तथा सीईटी की परीक्षा भी पहले ही प्रयास में उर्तीण की है। इस उपलब्धि का श्रेय मोनू ने अपने पिता, नरेश यादव, मां मंजू देवी, ससुर बिजेंद्र लांबा,सास सुशीला यादव, अपने पति अंकित यादव, ननद प्रियंका यादव समेत अपने गुरूजनों व अपने मित्र व शुभचिंतकों को दिया है।



## भगड़ाना की लेखा यादव ने पास की यूजीसी नेट की परीक्षा

**महेंद्रगढ़।** यूजीसी द्वारा आयोजित वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद की नेट परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया है, जिसमें क्षेत्र के गांव भगड़ाना की लेखा यादव उर्फ खुशबू ने ओबीसी श्रेणी में 42वां स्थान पाकर अपने गांव, क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है। लेखा के पिता सुनील पटवारी ने बताया कि उनकी बेटी ने बीएससी ऑनर्स दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज और एमएससी (बॉटनी) दिल्ली विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग से हाल ही में उत्तीर्ण की है। लेखा के चाचा और सामाजिक कार्यकर्ता अनिल भगड़ाना ने बताया कि स्नातकोत्तर करने के बाद लेखा का यह पहला प्रयास था। यह परीक्षा पास करके लेखा ने असिस्टेंट प्रोफेसर के पद और पीएचडी में प्रवेश की अर्हता प्राप्त कर ली है। लेखा ने इस सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत, गुरुजनों के मार्गदर्शन और अपने माता-पिता, भाई-बहन, दादी और परदादा कप्तान नौरंग सिंह को दिया है।



### कॉलेज में स्वच्छता अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. पूर्ण प्रभा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत एक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक बनाना था। अभियान की शुरुआत महाविद्यालय स्टॉफ के सभी सदस्यों द्वारा की गई। बरसात के मौसम में ग्राउंड में बड़ी मात्रा में फैली घास को साफ कर मैदान को व्यवस्थित किया गया, जिससे महाविद्यालय परिसर को सुंदर व स्वच्छ बनाया जा सके। प्राचार्य प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा ने बताया कि जल्द ही महाविद्यालय ग्राउंड में एक बेहतरीन पार्क तथा वॉलीबॉल ग्राउंड का निर्माण कराया जाएगा, ताकि स्टॉफ व विद्यार्थियों को खेलकूद तथा व्यक्तिगत गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकें।


नारनौल। छात्राओं को महिला अपराधों पर कानूनी कार्रवाई की जानकारी देते हुए।

## राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में बर्ड कोलाज प्रतियोगिता का सफल आयोजन

# इको क्लब की पहल: पक्षियों और प्रकृति संरक्षण पर विद्यार्थियों ने बनाई कोलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग एवं पर्यावरण एवं इको क्लब के तत्वाधान में महाविद्यालय परिसर में पाए जाने वाले आम पक्षियों (कॉमन बर्ड्स) पर आधारित कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में पक्षी जैव विविधता, पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने कोलाज में रचनात्मकता और नवाचार का परिचय दिया। पर्यावरण विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. अश्विनी यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को यह समझाने का प्रयास किया गया कि विभिन्न पर्यावरणीय कारकों के कारण पक्षियों की प्रजातियां लगातार घटती जा रही हैं और इसके लिए हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह अपने आसपास के पक्षियों और उनके प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। उन्होंने विशेष रूप से गौरैया और घरेलू चिड़ियों जैसी आम प्रजातियां मानव आवास के आसपास रहती हैं और धीरे-धीरे खत्म होने की कगार पर हैं। इन पक्षियों के संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाना अत्यंत आवश्यक है। इको क्लब के प्रभारी प्रो. जितेंद्र कुमार ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में न केवल प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है, बल्कि उन्हें यह भी सिखाना है कि मानव आवास और पक्षियों के आवासों का संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने पक्षियों की आदतों, उनके अस्तित्व को खतरा पहुंचाने वाले कारणों और संरक्षण के उपायों को अपने कोलाज में दर्शाया। इस अवसर पर इको क्लब के प्रभारी प्रो. जितेंद्र कुमार, डॉ. विकास गुप्ता और डॉ. अरुण भारत भी उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता को भाग लेने वाले प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

### इन्हें किया सम्मानित

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अनु (बीएससी प्रथम वर्ष, लाइफ साइंस), द्वितीय स्थान पर पारुल (बीएससी लाइफ साइंस) और तृतीय स्थान पर मुस्कान (बीएससी प्रथम वर्ष, लाइफ साइंस) रही, जिन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



### हिन्दी भाषण में राहुल ने पाया प्रथम स्थान

**नारनौल।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन पटीकरा में इन्टर ब्रांच भाषण और कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिन्दी भाषण प्रतियोगिता में राहुल पुत्र नरोत्तम कुमार ने पहला स्थान व प्रिया पुत्री औमप्रकाश ने दुसरा स्थान प्राप्त किया। इसी कड़ी में कविता प्रतियोगिता में राहुल पुत्र नरोत्तम कुमार ने प्रथम स्थान व अग्रेंजी भाषण प्रतियोगिता में मनस्वी शर्मा पुत्र ईश्वर चंद शर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिताओ का शुभांरम संस्था निदेशिका सुरेश यादव ने किया। इस मौके पर डा0 प्रदीप यादव ने बताया की बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर करवाया चाहिए। यदुवंशी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर हम इनकी प्रतिभा को निखारने का काम करते है। जिससे बच्चे शिक्षा में ही नही बल्कि जीवन के सभी क्षेत्रो में कामयाबी हासिल कर सके।

## खबर संक्षेप

### एचएसईबी वर्कर्स का त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न



मंडी अटेली। सब यूनिट अटेली का त्रिवार्षिक चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया एचएईबी वर्कर्स हेड ऑफिस भिवानी के दिशा निर्देशन में करवाया गया। चुनाव में नरेंद्र बेनीवाल कमेटी मेंबर और सतवीर कमेटी सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यवाही सर्वसम्मति से संपन्न हुई। प्रधान पद पर सत्य प्रकाश को चुना गया। उप प्रधान पद के लिए दीपक चुने गए। जबकि सचिव पद पर संदीप, शहर सचिव प्रीतम, कैशियर सुरेंद्र सिंह तथा संगठनकर्ता मुकेश कुमार को चयनित किया गया। चुनाव अधिकारियों में नरेंद्र सिंह बेनीवाल, शहर चुनाव अधिकारी सतवीर सिंह, अशोक यादव, यूनिट सचिव भूपेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

### लक्की राव सीगड़ा बने सीएम पैक्स महेंद्रगढ़ के जिला प्रमुख बोले

# किसानों को प्रशिक्षण, मार्केटिंग और फाइनेंशल सेवाएं प्रदान करेंगी पैक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सहकार भारती के जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान लक्की राव सीगड़ा को सहकार भारती के सीएम पैक्स महेंद्रगढ़ का जिला प्रमुख नियुक्त किया गया। सहकार भारती जिला महामंत्री डॉ. अरविन्द यादव ने इस नियुक्ति की घोषणा की। लक्की सीगड़ा ने इस नई जिम्मेदारी के लिए हरियाणा प्रदेश महामंत्री डॉ. सौरव भीष्म, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कोऑपरेटिव बैंक महेंद्रगढ़ चेयरमैन राजेन्द्र शर्मा एवं प्रांत सम्पर्क प्रमुख सचिन महायच का आभार व्यक्त किया।

प्रांत संपर्क प्रमुख सचिन महायच ने इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए कहा कि हमें विश्वास है की जिला प्रमुख लक्की सीगड़ा के नेतृत्व में जिले में सीएम पैक्स के कार्यों को नई गति मिलेगी। नवनियुक्त जिला प्रमुख लक्की सीगड़ा ने कहा कि इस जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए जिले के हर गांवों में युवाओं एवं किसानों को जागरूक कर सीएम-पैक्स बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। सहकारी समिति एकता, विश्वास, ईमानदारी और सहयोग को बढ़ावा देती हैं, जिससे समाज में सामाजिक समरसता बढ़ती है।

सीगड़ा ने बताया कि किसानों के सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार ने प्रदेश के हर गांव में सीएम-पैक्स (कॉम्प्रिहेंसिव मल्टी पर्पज एक्टिविटी को-ऑपरेटिव सोसायटी) खोलने का फैसला किया है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह की सोच और योजना के अनुरूप मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के निर्देश पर पहले चरण में राज्य के पांच सौ गांवों में सीएम पैक्स खोले जाएंगे, जिन्हें इसी साल के अंत तक संचालित करने की योजना है। सीएम पैक्स की शुरुआत पांच एकड़ तक जमीन वाले किसानों और गैर कृषि कार्य में लगे लोगों के सहयोग से खुलेंगी। इनमें कम से कम 11 और अधिकतम कितने भी सदस्य हो सकेंगे।



महेंद्रगढ़। लक्की सीगड़ा को बधाई देते हुए। फोटो: हरिभूमि

#### कार्यक्रम के दौरान ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला अध्यक्ष पारस शर्मा, एडवोकेट रेखा यादव, डॉ. शोभा यादव, सविन यादव, अरुण जोशी, सुरेश मालडा, हिमांशु सोनी, राहुल वशिष्ठ, राजेश पड़तल, कैलाश जोशी, लोकेश सैनी, लक्ष्मीनारायण प्रजापत, लालचंद यादव सहित जिलेभर के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

#### पैक्स किसानों को यह सुविधाएं भी देगी

सीएम पैक्स जिले में पहले से संचालित प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों से अलग होंगी। पैक्स का काम किसानों को ऋण, खाद और बीज उपलब्ध कराना है, जबकि सीएम पैक्स का काम व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने का होगा, जिससे सहकारिता आंदोलन को मजबूती मिलेगी। सीएम-पैक्स में किसानों के लिए ट्रेनिंग, मार्केटिंग और फाइनेंशल सेवाएं प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप सेंटर की सुविधा भी होगी। सीएम पैक्स राज्य में पेट्रोल पंप, अनाज के गोदाम बनाने, गांवों में फसल खरीदकर इन गोदामों में स्टोर करने, उचित समय आने पर उस फसल को लाभ पर बेचने, खाद्य वस्तुएं बनाने, कुटीर उद्योग लगाने और जनऔषधि केंद्र खोलने सहित अन्य काम भी कर सकेंगी।



### विद्यालय में विज्ञान सेमिनार का भव्य आयोजन

महेंद्रगढ़। बीआर ज्ञानदीप विद्यालय परिसर में विज्ञान सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में कक्षा छठी से नौवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। विज्ञान अध्यापक हरिओम के नेतृत्व में सेमिनार का संचालन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने विज्ञान से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। किसी ने मानव शरीर की अद्भुत कार्यप्रणाली पर प्रस्तुति दी, तो किसी ने नवीन ऊर्जा स्रोत पर अपने मॉडल प्रदर्शित किए। बच्चों ने रोबोटिक्स, पर्यावरण संरक्षण, जल–विद्युत, सौर ऊर्जा और प्रदूषण नियंत्रण जैसे मुद्दों पर भी अपनी-अपनी परियोजनाएं प्रस्तुत की। सेमिनार की विशेषता यह रही कि विद्यार्थियों ने न केवल वैज्ञानिक तथ्यों पर चर्चा की बल्कि विज्ञान प्रश्नोत्तरी, प्रयोगात्मक गतिविधियों और मॉडल प्रदर्शन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने इन गतिविधियों से बहुत कुछ सीखा और विज्ञान के प्रति नई जिज्ञासा विकसित की। प्रधानाचार्य रामबीर यादव ने कहा कि ऐसे सेमिनार विद्यार्थियों में शोध प्रवृत्ति और नवाचार की भावना को जागृत करते हैं। साथ ही उन्होंने विज्ञान अध्यापकों का आभार प्रकट किया जिन्होंने विद्यार्थियों



नारनौल। समाजसेवी व फिल्म निर्माता श्रीधर गुप्ता को सम्मानित करते

### फिल्म निर्माता श्रीधर गुप्ता का किया सम्मानित

नारनौल। महासर गांव में प्रसिद्ध समाजसेवी और फिल्म निर्माता श्रीधर गुप्ता का नागरिक अभिनंदन किया गया। प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो अतरलाल एडवोकेट ने श्रीधर गुप्ता को शॉल ओढ़ाकर तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर राष्ट्र गौरव अवार्ड से सम्मानित किया। अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता शिक्षाविद् नवीन जांगड़ा ने की। अतरलाल ने कहा कि श्रीधर गुप्ता ने पवित्र धार्मिक स्थल माता महासर धाम पर अनेक सामाजिक व धार्मिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देकर जो गौरवशाली कार्य किए हैं। उसके लिए इलाका इनका आभारी रहेगा। उन्होंने महासर माता की महिमा पर जय महासर धाम फिल्म बनाने की जो शूटिंग इलाके में शुरू की है। उससे इलाके के कलाकारों को फिल्मी क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और इलाके को राष्ट्रीय फलक पर प्रसिद्धी मिलेगी। उन्होंने हरियाणा सरकार से जय माता महासर धाम फिल्म के लिए आर्थिक अनुदान देने तथा फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग की। रूपेन्द्र सिंह व अशोक सिंह खोड़ ने श्रीधर गुप्ता के सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक तथा प्रजा भलाई के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज का आधुनिक भामाशाह बताया। श्रीधर गुप्ता ने आयोजकों का दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य माता महासर धाम को धार्मिक पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करना है।



### आज से बास्केटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ

महेन्द्रगढ़। खेलों के प्रति उत्साह और खिलाड़ियों की प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से आज मंगलवार से सीबीएसई राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 का शुभारंभ टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महेन्द्रगढ़ में होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता नौ सितम्बर से 13 सितम्बर तक आयोजित की जाएगी। इस चैंपियनशिप में देश के विभिन्न राज्यों जैसे तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम आदि से टीमें भाग लेंगी। साथ ही सऊदी अरब, ओमान, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से भी अंतरराष्ट्रीय टीमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में भिवानी शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष पीके शर्मा, महेन्द्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव, डीईओ सुनील दत्त और महेन्द्रगढ़ डीसी कैप्टन मनोज कुमार सहित अन्य उपस्थित रहेंगे। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि यह आयोजन महेन्द्रगढ़ जिले के लिए गौरव की बात है। इससे न केवल स्थानीय खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों के प्रति नई ऊर्जा और जोश का संचार होगा।

# हैप्पी क्लासरूम को लेकर कार्यशाला

### ज्ञान, रचनात्मकता और मूल्य आधारित शिक्षा का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नव ज्ञान ज्योति स्कूल मांदी में 'हैप्पी क्लासरूम' विषय पर शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद, प्रेरक वक्ता, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विशेषज्ञ व सीबीएसई के वरिष्ठ मास्टर ट्रेनर श्री राजन शर्मा ने शिरकत की।

बिरला स्कूल पिलानी में कार्यरत राजन शर्मा राष्ट्रीय स्तर पर देश के अनेकों राज्यों में 45 हजार से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित कर चुके हैं। अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि आज शिक्षा का स्वरूप बदल चुका है, इसलिए इसे केवल कक्षा तक सीमित न रखते हुए वास्तविक दुनिया से जोड़ना आवश्यक है। नवाचारी और रोचक शिक्षण पद्धतियाँ ही छात्रों की रचनात्मकता और तार्किक क्षमता को विकसित कर सकती हैं। एक शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह अपने छात्रों को नैतिकता, संस्कृति और जीवन कौशल प्रदान करने का मार्गदर्शक भी होता है। एक शिक्षक को बच्चों की भावनाओं का सम्मान करते हुए पढ़ाना चाहिए । हैप्पी क्लासरूम की चाबी शिक्षक के हाथ में होती है। कक्षा को संवादमूलक, भयमुक्त और रचनात्मक बनाने के लिए शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों को अपनाने, आत्म-मूल्यांकन करने और छात्रों की अभिरुचि के अनुसार पाठ योजनाओं को ढालने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत हर शिक्षक के लिए प्रति वर्ष 50 घंटे का प्रशिक्षण अनिवार्य है।



नारनौल। शिक्षक प्रशिक्षक कार्यशाला में हुए अतिथिगण। फोटो: हरिभूमि

#### प्रयासों को सराया

शिक्षण केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि समाज के भविष्य को आकार देने की प्रक्रिया है। एक शिक्षक के रूप में, छात्रों को प्रेरित करना, उनकी क्षमताओं को निखारना और उन्हें सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाना ही सच्ची उपलब्धि है। शिक्षक केवल ज्ञान नहीं देते, बल्कि सपनों और संभावनाओं को उड़ान भी देते हैं। कार्यशाला के सफल समापन पर विद्यालय प्रबंधन ने राजन शर्मा का सम्मान किया और शिक्षा जगत में उनके प्रयासों की सराहना की।



### प्रतिभाशाली विद्यार्थी व शिक्षकों को किया सम्मानित

महेंद्रगढ़। मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार एक सम्मान समारोह का आयोजन कर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। बच्चों ने लघुनाटिका, ग्रुप डांस, कविता आदि प्रस्तुति दी। प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने बताया कि इस सम्मान समारोह के दौरान खंड स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय, जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों के साथ-साथ स्कूल स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजेंद्र सेठ अग्रवाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे व स्कूल डायरेक्टर हुक्मसिंह तंवर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। चेयरमैन सतन सिंह ने बताया कि राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित खंड स्तरीय, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अटेली में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, ट्राफी आदि देकर सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि राजेंद्र सेठ अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि डायरेक्टर हुक्मसिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को खेलकूद को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

### सूरज स्कूल में धूमधाम से की गणपति बप्पा की विदाई



महेंद्रगढ़। सूरज स्कूल में दस दिवसीय गणेश उत्सव पर गणपति विसर्जन के साथ समापन किया गया। हर वर्ष अनंत चर्तुदशी के दिन गणपति बप्पा को विदाई दी जाती है और उनसे अगले बरस जल्दी आने का आग्रह किया जाता है। निदेशक संदीप प्रसाद ने विधि–विधान के साथ भगवान श्री गणेश की पूजा व आरती की। गणपति बप्पा मोरिया-अगले बरस तू जल्दी आ के नारे लगाते हुए उन्हे सम्मान विदा किया गया और नजदीकि जल स्त्रोत में गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। निदेशक संदीप प्रसाद ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी धार्मिक परम्पराओं से परिचित कराना होता है। विभिन्न त्यौहार और परंपरा हम में एक नए उत्साह का संचार करती है। स मौके पर प्राचार्य चन्द्रपाल यादव, अकादमिक कॉर्डिनेटर विनित बंसल, पंकज कुमार, नमिता कुमारी, कविता सोनी, पूनम यादव सहित समस्त स्टॉफ व विद्यार्थी शामिल रहे।

### भारद्वाज ने केंद्रीय मंत्री राव से दिल्ली में की मुलाकात



नारनौल। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से सोमवार को उनके दिल्ली स्थित आवास पर भाजपा नेता और गौड़ ब्राह्मण सभा नारनौल के सह सचिव हेमंत भारद्वाज एडवोकेट ने मुलाकात की और नई अनाज मंडी अटेली के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए 347.90 लाख रुपये स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव द्वारा सरकार से मंजूर कराए जाने पर आभार व्यक्त किया। एडवोकेट हेमंत भारद्वाज ने कहा कि अटेली कि विधायक और हरियाणा सरकार में कैबिनेट स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव दिन रात अटेली ही नहीं पूरे हरियाणा में समान विकास के लिए तत्पर हैं। अटेली में मंत्री राव द्वारा 347.90 लाख की लागत से नई अनाज मंडी के जीर्णोद्धार में विभिन्न कार्य कराए जाने की राशि मंजूर कराई गई है। कार्य पूर्ण होने के बाद किसानों, व्यापारियों और आम जनता को बेहतर सुविधाएं अनाज मंडी अटेली में मिलेंगी।

# यदुवंशी के खिलाड़ी खो-खो में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवंशी के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में खो-खो टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल-भावना, अनुशासन और मेहनत का परिचय देते हुए पूरे विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के डीपीई सुभाष चंद यादव व खो-खो टीम कोच नवीन यादव ने बताया कि यह जिला स्तरीय प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेली में 29 व 30 अगस्त को आयोजित हुई, जिसमें महेंद्रगढ़ ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करते हुए खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि आने वाले समय में बड़ी सफलता की ओर पहला कदम है। विजेता टीम अब राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में 12 सितंबर से 14 सितंबर तक (जींद में) महेंद्रगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।



महेंद्रगढ़। विजेता टीम खुशी जाहिर करते हुए। फोटो: हरिभूमि

#### योगदान को सराहा

वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र सिंह यादव ने विजेता टीम व कोच को बधाई दी। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक विकास, अमित, कुलवीर, कमल, संदीप, आयुषी आदि का योगदान भी सराहनीय रहा।

खिलाड़ियों में गर्वित, कृष, आर्यन, दीपांशु, राघव, तोशांत, पीयूष, जतिन, दीपक, गौरव दक्ष, प्रिंस, संदीप यादव रहे। अगस्त मास में आयोजित हुई सीबीएससी क्लस्टर–15 खो-खो प्रतियोगिता में आयु वर्ग में द्वितीय व 19 वर्षीय आयु वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया था। वहीं कुश्ती, चेस, शूटिंग, एथेलेटिक्स, कराटे, ताइक्वाडों के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

### अग्रसेन की जयंती मनाने के लिए सौंपी जिम्मेदारी

नारनौल। अग्रवाल सभा की एक आवश्यक बैठक प्रधान प्रेमचंद गुप्ता एडवोकेट की अध्यक्षता में सभा भवन में हुई। बैठक में आगामी 21 व 22 सितंबर को महाराजा अग्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाने के लिए समाज के लोगों को जिम्मेदारी दी गई। महामंत्री रवि गर्ग ने बताया कि रामजीलाल मित्तल को जयंती संयोजक, अरुण गुप्ता नूनी वाला को शोभा यात्रा संयोजक, नवीन बंसल को भंडारा संयोजक, गीता गोयल को महिला कार्यक्रम संयोजक, बद्री प्रसाद गर्ग को जयंती प्रवक्ता एवं रमेश जिंदल, हीरालाल मित्तल, विकास गर्ग, सचिन गोयल को सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी गई। मंच संचालन का कार्य संजय गर्ग को सौंपा गया। इस अवसर पर प्रधान प्रेमचंद गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि इस साल जयंती अभूतपूर्व रूप से मनाई जाएगी। जिसमें समाज के सभी लोगों को प्रचार प्रसार द्वारा आमंत्रित किया जाएगा। जयंती समारोह में उपस्थित होने वाले अग्रवाल समाज के प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को महाराजा अग्रसेन का चित्र भेंट किया जाएगा। प्रवक्ता बद्री प्रसाद गर्ग ने बताया कि जयंती में मुख्य अतिथि जयप्रकाश संघी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भगवान दास चौधरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश मिल वाले, सुरेश चंद चौधरी एवं हिमांशु अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। जयंती के अवसर पर मुख्य यजमान विनय कुमार गोयल एडवोकेट एवं उनकी धर्मपत्नी द्वारा हवन यज्ञ किया जाएगा। जयंती के दो दिवसीय कार्यक्रम में मेडिकल कैंप, महिला कार्यक्रम, भिन्न-भिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। 22 सितंबर को शोभायात्रा शहर से निकाली जाएगी।


**दी ढाणी मामराज बहुउद्देश्य प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लि. ढाणी मामराज**

आप सभी समिति सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दी ढाणी मामराज M PACS Ltd ढाणी मामराज की वार्षिक आम सभा की बैठक दिनांक 29.09.2025को दिन के 12 बजे समिति कार्यालय ढाणी मामराज में होनी निश्चित हुई है। अतः सभी समिति सदस्यों से निवेदन है के निश्चित तिथि व समय पर हाजिर आकर मिटिंग में भाग लें।

बैठक का एजेंडा निम्न प्रकार है

1 पिछली आम सभा की पुष्टि करने बारे

2 वर्ष 2024–25 के समिति के लाभ–हानि खाते व बैलेंस सीट पर विचार

3 वर्ष 2025–26 की समिति की गतिविधियों पर विचार व निर्णय

4 ओर अन्य एजेंडा पर विचार प्रधान की अनुमति से

प्रबंधक, दी ढाणी मामराज मल्टीपरपज प्राईमरी एग्रिकल्चर को-ऑप सोसायटी लि.


### भाजपा के पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव ने सीए व स्वास्थ्य मंत्री का जताया आभार

# नांगल चौधरी सीएचसी की बिल्डिंग निर्माण से 1.85 लाख को मिल सकेंगी बेहतर सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी।

भाजपा के पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव ने नांगल चौधरी सीएचसी की बिल्डिंग निर्माण के लिए बजट स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार जताया है। कहा कि भवन निर्माण से विभिन्न गांवों के करीब 1.85 लाख लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। साथ ही फसल खराबे का पोर्टल ओपन करके सरकार ने किसानों को राहत दी है। पीड़ित किसान पोर्टल पर खराब हुई फसल का पंजीकरण करवा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि नांगल चौधरी पीएचसी को करीब 30 साल पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा दिया गया था। जिले की सबसे बड़ी सीएचसी होने के बावजूद भवन निर्माण के लिए बजट स्वीकृत नहीं हुआ। 1.85 लाख आबादी का कंडम भवनों में इलाज होता है जहां कर्मचारी व मरीजों को जानलेवा खतरा बना रहता है। दिसंबर महीने में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को कंडम सीएचसी तथा उप स्वास्थ्य केंद्रों से अवगत कराया गया था। शिकायत पर तत्परता पूर्वक संज्ञान लेती हुई मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से बजट मांगा तथा विभिन्न औपचारिकताएं पूरी करके 16.43 करोड़ मंजूर कर दिए। साथ ही अधिकारियों को तत्परता से निर्माण शुरू करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आरती सिंह राव के प्रयासों से मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस दाखिलों की मंजूरी मिल गई है। भाजपा सरकार ने सामान्य अस्पतालों में डायलासिस सुविधा उपलब्ध करवा दी।

#### आरती राव की कार्यशैली और सक्रियता से जनता उत्साहित



भाजपा नेता दयाराम यादव ने कहा कि पहली बार विधानसभा चुनाव जीतकर कैबिनेट मंत्री बनी आरती सिंह राव पूरी कर्मठता से विकास कार्यों में जुटी हुई हैं। जनता के साथ सीधा संवाद करके समस्याओं से रूबरू हो रही हैं, जिससे जनता उत्साहित है। मेडिकल कॉलेज में कक्षाएं लगने से युवाओं को राहत मिलेगी। विकास कार्यों की पारदर्शिता स आमजन का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ रहा है।



### सेहलंग के विद्यार्थियों ने दिखाया वैज्ञानिक कौशल

महेंद्रगढ़। बीआर आदर्श विद्यालय सेहलंग में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत चेयरमैन हरीश भारद्वाज और प्राचार्या ज्योति भारद्वाज द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को चार टीमों में विभाजित किया गया और चार रोचक चरणों में प्रश्न पूछे गए। इन चरणों में बहुविकल्पीय प्रश्न राउंड, चित्र पहचानना राउंड, बजर राउंड और रैपिड फायर राउंड शामिल थे। विद्यार्थियों से अंतरिक्ष, मानव शरीर, ग्रह-नक्षत्र, पौधों में भोजन निर्माण प्रक्रिया और विज्ञान से जुड़े आविष्कारों पर आधारित प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिए और अपनी वैज्ञानिक सोच का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता में आरव पुत्र मनोज, भाविक पुत्र रमेश, पुरव पुत्र संदीप और कनिका पुत्री संदीप की टीम ने बाजी मारी तथा अंत में विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता बच्चों की शैक्षणिक प्रगति को निखारने में सहायक होती हैं। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि विज्ञान को खेल-खेल में सीखना बच्चों के लिए सबसे अच्छा तरीका है और इस तरह की गतिविधियां उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण व जिज्ञासा की भावना को बढ़ावा देती हैं।


**The Mohindergarh Distt. Co-operative Labour & Construction Federation Ltd. Narnaul**
(Under State Govt. Supervision, Control & Audit)

आम सभा की बैठक बारे सूचना

दी महेंद्रगढ़ जिला सहकारी श्रम एवं निर्माण प्रसंघ लि. नारनौल की सभी सदस्य सहक. री श्रम एवं निर्माण समितियों को इस विज्ञापन द्वारा सादर अवगत करवाया जाता है कि जिला प्रसंघ महेंद्रगढ़ की आमसभा की बैठक बाबत वर्ष 2025 26 दिनांक 26.09.2025 को प्रातः 11.30 बजे 248–49 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नारनौल में होनी निश्चित हुई है। एजेण्डों का विवरण इस प्रकार है:–

1. प्रसंघ की आमसभा की गत बैठक दिनांक 29.09.2024 की पुष्टि बारे।
2. प्रसंघ के अंकेक्षित खातों बाबत वर्ष 2023–24 की समीक्षा बारे।
3. प्रसंघ द्वारा वित्त वर्ष 2025 26 में की जाने वाली गतिविधियों पर विचार एवं निर्णय।

अतः आप सभी सदस्य सहकारी श्रम एवं निर्माण समितियों से अनुरोध किया जाता है कि आप अपनी समिति से किसी सदस्य को अधिकृत कर बैठक की नियत तिथि, समय व स्थान पर भेजने का कष्ट करें।

प्रबंधक, दी महेंद्रगढ़ जिला श्रम एवं निर्माण प्रसंघ लि. नारनौल

## खबर संक्षेप

### रोड़ी और डस्ट से भंरे दो ट्रक पकड़े, किया सीज

**नारनौल।** जिले में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई के लिए गठित स्पेशल टीम ने अवैध रोड़ी और डस्ट भरकर ले जाते हुए दो ट्रकों को पकड़कर सीज कराया है। पुलिस टीम लगातार स्पेशल चैकिंग अभियान चला रही है। ट्रकों में अवैध रोड़ी और डस्ट भरकर ले जाई जा रही थी। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए नारनौल के अलग-अलग क्षेत्रों से दोनों ट्रकों को पकड़ा। पकड़े गए ट्रकों को खनन विभाग की टीम के माध्यम से सीज करवाया गया। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने मीटिंग के दौरान सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जो को सख्त लहजे में निर्देश दिए थे कि अवैध माइनिंग/खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जिनके तहत पुलिस द्वारा अवैध खनन/माइनिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**महेंद्रगढ़।** डिगरोता-सतनाली रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार नांवां निवासी रविंद्र सिंह पुत्र सुंडाराम की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करके शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को दिए बयान में नांवां निवासी भागेंद्र ने बताया कि रविंद्र उसके ताऊ का लड़का है, जो मेहनत-मजदूरी करता था। वह 7 सितंबर को अपना काम करके मोटरसाइकिल से हमारे घर आ रहा था। तब रात्रि करीब 10 बजे सूचना मिली कि रविंद्र का एक्सीडेंट हो गया है। यह एक्सीडेंट डिगरोता से सतनाली रोड पर हुआ है। जब मौके पर पहुंचा तो वह रविंद्र का एक्सीडेंट हो रखा था, जिसकी तसल्ली भी की गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बागोत स्कूल की साइंस लैब से सामान चोरी

**कनीना।** कनीना उपमंडल के गांव बागोत स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनी साइंस लैब से सामान चोरी हो गया। इस बारे में स्कूल के प्राचार्य ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती सात सितंबर को रात करीब साढ़े नौ बजे चोर ने भौतिक व रसायन विज्ञान की लैब का शीशा चटका कर कुछ सामान चोरी कर लिया। इन लैब में टैब व स्मार्ट बोर्ड रखे हुए थे। अगले दिन विद्यालय पहुंचे शिक्षकों को स्कूल के चौकीदार ने घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौका निरीक्षण कर स्कूल से सामान चोरी होने की शिकायत पर केस दर्ज किया है।

### पेट्रोल पंप से 11 हजार रुपये किए चोरी

**महेंद्रगढ़।** गांव जोनावास के पास स्थित एचपी महालक्ष्मी पेट्रोलियम से चोरी का मामला सामने आया है। पेट्रोल पंप के मुनीम रोशनलाल ने पुलिस को बताया कि घटना शनिवार की रात करीब एक बजे की है। घटना के समय पेट्रोल पंप पर तीन कर्मचारी मौजूद थे। सेल्समैन धर्मेंद्र मशीन पर ड्यूटी के दौरान सो रहा था। दूसरा सेल्समैन ओमप्रकाश रेस्ट रूम में सो रहा था, जबकि मुनीम रोशनलाल ऑफिस में सो रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने ऑफिस में घुसकर मेज की दराज से 11 हजार रुपये चुरा लिए। चोर जब पैसे लेकर भाग रहा था, तब मशीन के पास से गुजरते समय सेल्समैन धर्मेंद्र की नींद खुल गई। सुबह जब रात की ड्यूटी का हिसाब किया गया तो 11 हजार रुपये कम निकले। पुलिस ने केस दर्ज कर पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

### कर्नल के घर से नकदी सहित आभूषण चोरी

**कनीना।** कनीना-दादरी मार्ग स्थित गांव सेहलंग में सेना के कर्नल के घर में दबिश देकर अज्ञात चोरों ने हजारों रुपये की नकदी सहित आभूषण चोरी कर लिए। कर्नल राजकुमार यादव ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती छह सितंबर को रात्री करीब 10 बजे चोरों ने घर मे दबिश देकर सोने चांदी के आभूषण सहित 17 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। घर के सदस्य ड्यूटी पर गए हुए थे। पीछे से चोरों ने कीमती सामान पर साफ कर दिया। पुलिस ने कर्नल राजकुमार यादव की शिकायत पर चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वर्कशॉप के लिए अब तक नहीं मिला है कोई स्टाफ

# मार्च-2023 में उद्घाटन के बाद अब फाइनेंस डिपार्टमेंट से अप्रूवल का इंतजार

- गत 7 मार्च 2023 को पूर्व सीएम मनोहर लाल ने किया था वर्कशॉप भवन का उद्घाटन, चालू नहीं होने से सफेद हाथी सिद्ध हो रहा करोड़ों का भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

लोगों के लंबे संघर्ष के बाद तैयार हुआ रोडवेज का वर्कशॉप उद्घाटन के करीब ढाई साल बाद भी शुरू नहीं हो पाया है। हालांकि सरकार ने महेंद्रगढ़ को सब डिपो का तो दर्जा दे दिया, लेकिन अभी यह धरातल पर नजर नहीं आ रहा है। सब डिपो की वर्कशॉप के लिए महेंद्रगढ़ को सरकार ने न तो अब तक कोई स्टॉफ उपलब्ध करवाया है, न ही मिस्त्री, मशीनें एवं आवश्यक साजोसामान दिया गया है। इस कारण रोडवेज की वर्कशॉप महज देखने वाला सफेद हाथी सिद्ध हो रही है।

बता दें कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2014 में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने महेंद्रगढ़ में प्रस्तावित आईटीआई ग्राउंड में रैली के दौरान क्षेत्र की मांग पर महेंद्रगढ़ बस स्टैंड पर सब डिपो बनाने की घोषणा की थी। तब घोषणा करने के बाद विधानसभा चुनाव आ गए थे। चुनावों में सत्ता परिवर्तन हो गया तथा कांग्रेस की बजाए भाजपा सत्ता में आ गई। भाजपा के सत्ता में आने के बाद सब डिपो की घोषणा ठंडे बस्ते में चली गई, लेकिन सामाजिक संगठनों एवं जागरूक लोगों ने वर्ष 2018 में महेंद्रगढ़ बस स्टैंड पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया, तब जाकर 21 जुलाई 2019 को तत्कालीन परिवहन मंत्री कृष्ण पंवार ने महेंद्रगढ़ सब डिपो का निर्माण कार्य नारियल तोड़कर शुभारंभ करवाया था।



महेंद्रगढ़। बस स्टैंड परिसर में बना वर्कशॉप भवन। फोटो : हरिभूमि

उस वक्त सरकार ने सब डिपो के निर्माण कार्य के लिए छह करोड़ 70 लाख रुपये का बजट मंजूर किया। इसके बाद करीब छह माह तक इसका कार्य लटका रहा। फिर सामाजिक संगठनों द्वारा लघु सचिवालय में प्रशासन को कई बार ज्ञापन दिए और काफी जद्दोजहद की, जिस पर सब डिपो का निर्माण कार्य शुरू हुआ। बाद में एक फरवरी 2021 को अड्डा इंचार्ज को चॉबी सौंप दी गई, लेकिन सब डिपो का विधिवत उद्घाटन नहीं किया गया। तबसे लेकर अब तक कई बार रोडवेज के उच्च अधिकारी सब डिपो की वर्कशॉप का निरीक्षण कर चुके हैं, लेकिन सब डिपो की वर्कशाप चालू नहीं हो पा रही।

### खराब बसें भेजी जाती नारनौल

जब महेंद्रगढ़ आई रोडवेज की बसें खराब हो जाती हैं तो उस स्थिति में यहां की वर्कशाप नहीं चलने के कारण उन खराब बसों को मरम्मत के लिए नारनौल भेजा जाता है। खराब बस को नारनौल ले जाने एवं लाने में काफी समय एवं धन खर्च हो जाता है, जबकि इसकी बचत महेंद्रगढ़ वर्कशाप को चालू करके की जा सकती है, लेकिन सब राम भरोसे ही चल रहा है और इससे रोडवेज के ही ड्राइवर एवं कंडेक्टर परेशान होते रहते हैं।

### फसल खरीद में ली जा रही बिल्डिंग काम

कमाल की बात है कि महेंद्रगढ़ के सब डिपो निर्माण पर प्रदेश सरकार की ओर से लगभग सात करोड़ रुपये का बजट खर्च किया गया और नया बस स्टैंड एवं वर्कशाप तैयार की गई, लेकिन अब विधिवत रूप से वर्कशाप चालू नहीं की जा रही, जबकि वर्कशाप के करोड़ों की लागत से भवन को फसल खरीद सीजन में मार्केट कमेटी द्वारा प्रयोग में लिया जाता रहा है। पिछले दो सालों में यहां फसल खरीद का कार्य किया जाता रहा है। इस कारण जिस उद्देश्य से वर्कशाप भवन तैयार किया गया, वह उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा।

### यह कहते हैं अधिकारी

रोडवेज के जीएम देवदत्त ने बताया कि हमारे मुख्यालय के अनुसार इसकी फाइनेंस डिपार्टमेंट से अप्रूवल मिलने का इंतजार है। यह फाइल जब भी फाइनल हो जाएगी, इसे चालू कर दिया जाएगा। खराब बसों को खरीद पीरियड में शामिल बसों को उनसे संबंधित सर्विस स्टेशन यानि एजेंसी में भेजा जाता है या फिर बसें नारनौल वर्कशाप भेजकर ठीक करवाई जा रही हैं।



नारनौल। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते डीसी कैप्टन मनोज कुमार।

# समाधान शिविर में डीसी ने सुनीं 104 शिकायतें

- जन-शिकायतों के समाधान में देरी बर्दाश्त नहीं : डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने सोमवार लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जन-शिकायतों के समाधान में किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी जानबूझकर शिकायतों को लंबित रखेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी क्योंकि यह सीधे तौर पर हरियाणा सरकार के निर्देशों का उल्लंघन है।

आज के समाधान शिविर में कुल 104 नागरिकों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं, जिनका उपायुक्त ने तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि हर शिकायत को गंभीरता से लिया जाए। यदि किसी समस्या का समाधान जिला स्तर पर संभव न हो, तो मुख्यालय से संपर्क करके उसका हल निकाला जाए। एक नागरिक ने सिलारपुर मेहता गांव में बिजली के खंभे गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित होने की शिकायत की, जिस पर उपायुक्त ने बिजली निगम के अधिकारियों को तत्काल खंभा खड़ा कर बिजली बहाल करने के सख्त निर्देश दिए। मिली शिकायतों में बिजली, पानी, सीवरेज, पेंशन, परिवार पहचान पत्र, पंचायत और राजस्व विभाग से संबंधित मामले शामिल थे। उन्होंने नागरिकों को भी जानकारी दी कि हरियाणा सरकार के निर्देश पर हर सोमवार और गुरुवार को सुबह 10 से 12 बजे तक उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। नागरिक इन शिविरों में अपनी शिकायतें रख सकते हैं। मौके पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ और एसडीएम अनिरुद्ध यादव आदि अधिकारी मौजूद थे।

# नप कर्मचारियों ने शहरों में कई जगह हटाए अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

- शहरी स्वच्छता अभियान- 2025 : हरियाली बढ़ाने के लिए किया पौधरोपण

जिला महेंद्रगढ़ में शहरी स्वच्छता अभियान-2025 पूरी गति से जारी है। इसी कड़ी में सोमवार भी शहरों में अतिक्रमण हटाने, साफ-सफाई और जागरूकता फैलाने सहित कई तरह के महत्वपूर्ण अभियान चलाए गए।

यह जानकारी देते हुए जिला नगर आयुक्त रणवीर सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देश पर जिला महेंद्रगढ़ में प्रतिदिन विभिन्न तरीकों से अभियान चलाया जा रहा है अभियान का मुख्य उद्देश्य शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। आज की गतिविधियों के तहत नारनौल में स्त्रोत पर ही कचरा अलग करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया और साथ ही दीवार लेखन (एंटी-डिफेसमेंट) अभियान भी चलाया गया। इसी तरह, नांगल चौधरी और अटेली में भी दीवार लेखन (एंटी-डिफेसमेंट) अभियान चलाकर दीवारों को साफ किया गया। अभियान के दौरान साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया गया। नांगल चौधरी और कनीना में कचरा संवेदनशील बिंदुओं की विशेष सफाई की गई, जबकि कनीना में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए एक पौधारोपण अभियान भी चलाया गया। इसके अलावा, महेंद्रगढ़ शहर से अतिक्रमण हटाया गया और अटेली में अटेली-रेवाड़ी रोड पर पैदल चलने वालों के लिए मार्ग को साफ कराया गया।



नारनौल। दुकानों के बाहर से अतिक्रमण हटवाते कर्मचारी।

इन अभियानों के माध्यम से जिला प्रशासन शहरों को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आमजन के साथ मिलकर कर्मचारियों का प्रयास है कि शहर साफ-सुथरे दिखें।

# रोहताश बने हरियाणा सैनी महासभा के उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सोहना स्थित भीम बाग फार्म में हरियाणा सैनी महासभा की जनरल बॉडी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद झज्जर के चेयरमैन एवं महासभा के संरक्षक जिले सिंह सैनी ने की। आम सभा की इस बैठक में हरियाणा के सभी जिलों के चुनिंदा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इसमें सैनी सभा नारनौल के उपप्रधान रोहताश सैनी को हरियाणा सैनी महासभा का उपाध्यक्ष चुना गया।

बैठक की शुरुआत सैनी समाज के प्रवर्तक महाराजा सैनी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। इसके बाद महामंत्री रामफल सैनी ने महासभा का पिछले एक साल का रिपोर्ट कार्ड उपस्थित लोगों के सामने पेश किया। सभी लोगों ने हाथ उठाकर महामंत्री रामफल सैनी द्वारा प्रस्तुत रिर्पोट को सही मानते हुए मधावत स्वीकार कर लिया। बैठक के दूसरे चरण में महासभा की नई प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। इस चुनाव में कुंवर धर्मचन्द सैनी को नया प्रदेशाध्यक्ष सर्व सम्मति चुना गया। इसके अलावा बलजीत सैनी (कुरुक्षेत्र) को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चेतराम सैनी (रेवाड़ी), प्रवीन सैनी (चरखी दादरी), सतीश सैनी (अम्बाला), सीताराम सैनी (फतेहाबाद) बीरभान देवी (कैथल) डा. दिनेश सैनी (यमुनानगर), विजय कुमार सैनी (रोहतक) रोहताश सैनी (नारनौल), हरिराम सैनी (हांसी) को उपाध्यक्ष चुना गया। श्री राम फल सैनी (झज्जर), देवेन्द्र सैनी (गोहाना), मास्टर देवी सिहं सैनी (सोहना) को महामंत्री चुना गया।




नारनौल। समाज के लोगों के साथ माला पहने हुए उपाध्यक्ष रोहताश सैनी।

रामभज सैनी (पानीपत) को प्रदेश प्रवक्ता चुना गया। राजकुमार सैनी (पंचकुला) दीपक सैनी उर्फ शशि सैनी (कैथल), मुकेश सैनी (जींद) चरन सिंह सैनी (फरीदाबाद), राजकुमार सैनी (भिवानी), कैलाश सैनी (नारनौल) को मंत्री चुना गया। श्री टेकचन्द सैनी (फरीदाबाद) को कोषाध्यक्ष चुना गया। श्री जगदीश राम कटारिया (रोहतक) को मुख्य सलाहकार, जयपाल सैनी (पंचकुला), धर्मवीर सैनी (रोहतक), साधुराम सैनी (फरीदाबाद) चन्द्रमान सैनी (जींद), जीवन सैनी (फरीदाबाद), ठाकुरदास सैनी (अम्बाला) को सलाहकार चुना गया। रणजीत सैनी (नारनौल), जल सिंह सैनी (मेवात) सुन्दर सैनी (जीद) कंवर सिंह सैनी (झज्जर) विनोद सैनी (रोहतक) सतबीर सैनी (पानीपत) संतोष सैनी, (पलवल), रमेश सैनी (झज्जर), देवीराम सैनी (पलवल)को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष कुंवर धर्मचन्द सैनी ने कहा कि समाज ने जो विश्वास उनपर जताया वह उस पर खरे उतरकर निरन्तर समाज सेवा करते हुए समाज को आगे ले जाने का कार्य करेंगे।

# निदेशक पद पर राजेंद्र सिंह के चयन प्रक्रिया पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

महेंद्रगढ़ सेंट्रल कॉ-आपरेटिव बैंक लिमिटेड के पेशेवर निदेशक पद पर गांव भुंगारका के पूर्व सरपंच राजेंद्र सिंह के चयन प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लग गई है। यह रोकउप रजिस्ट्रार कार्यालय ने लगाई है। सहकारी समितियों के उप रजिस्ट्रार की ओर से सोमवार को एक पत्र जारी किया गया। उस पत्र के मुताबिक आरबीआई और नाबार्ड की शर्तों के अनुसार निदेशक राजेंद्र सिंह का चयन सही नहीं माना गया है। यही नहीं, उप रजिस्ट्रार ने महाप्रबंधक को चयन पत्र भी जारी नहीं करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में बताया गया है कि राजेंद्र सिंह के चयन को लेकर पिछले दिनों बैंक उपाध्यक्ष के साथ तीन निदेशकों ने रजिस्ट्रार को शिकायत दी थी और जांच की मांग की थी। इस शिकायत के बाद रजिस्ट्रार कार्यालय ने उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां भिवानी को इसकी जांच सौंपी थी। उप रजिस्ट्रार की तरफ से की गई प्रारंभिक जांच में नियमों की पालना नहीं होना पाया गया, जिसके बाद नियुक्ति रोकने के आदेश दिए गए हैं। सहकारी बैंक की 22 अगस्त को हुई निदेशक मंडल की बैठक में दो पेशेवर निदेशकों का प्रस्ताव लाया गया था।

इसके तहत निदेशक मंडल ने विरेंद्र कुमार के साथ गांव भुंगारका के पूर्व सरपंच राजेंद्र सिंह का निदेशक के लिए चयन किया था। हालांकि निदेशक मंडल ने सह चयन पत्र जारी करने से पूर्व इनके द्वारा दिए गए दस्तावेजो की आरबीआई और नाबार्ड की गाइड लाइन व शर्तों की जांच कर ली जाए। दोनों निदेशक आरबीआई व नाबार्ड की शर्ते पूरी करते है या नहीं, इस शर्त के साथ एजेंडा पास किया था। पत्र के मुताबिक कार्यालय को उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों के अनुसार राजेंद्र सिंह आरबीआई और नाबार्ड की शर्तों को पूरा नहीं कर रहे हैं।

### क्या कहते है राजेंद्र सिंह

इस संबंध में राजेंद्र सिंह ने अपना पक्ष रखते हुए हरिभूमि को बताया कि सेंट्रल बैंक महेंद्रगढ़ में प्रोफेशनल डायरेक्टर का चुनाव 22 अगस्त को सम्पन्न हुआ था, जिसमें मौजूद 11 में से 8 डायरेक्टरों का समर्थन मिलने पर मुझे सर्वसम्मति बनाकर निर्वाचित किया गया था। नामांकन फार्म में 5 साल के अनुभव का कोई कॉलम ही नहीं था, इसके अलावा मैंने सभी मापदंड पूरे किए हैं। मेरे चुनाव पर लगाई गई रोक राजनीतिक षड्यंत्र है, अभी मुझे कोई आदेश नहीं मिले है, मिलेंगे तब आगामी कार्रवाई करूंगा।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने किया बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) की सचिव-सह-मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने सोमवार जिले के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों का जायजा लेना था। दौरे के दौरान उन्होंने विशेष रूप से जोरासी गांव में बने बांध का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उनकी मदद के लिए हमेशा तैयार है। सीजेएम ने बताया कि यदि बाढ़ की कोई भी स्थिति उत्पन्न होती है, तो नागरिक तुरंत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नारनौल के हेल्पलाइन नंबर 01282-250322 पर फोन कर इसकी सूचना दे सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस नंबर पर संपर्क करके किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता भी प्राप्त की जा सकती है।



नारनौल। जोरासी बांध का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

# नगर पालिका ने वार्ड सात में करवाई फॉगिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

नगर पालिका ने मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए शहर में फॉगिंग अभियान शुरू कर दिया हैं। नगर पालिका द्वारा सोमवार को वार्ड–सात में सभी गलियों में फॉगिंग करवाई हैं। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों ने सफाई अभियान भी चलाया। कर्मचारियों ने वार्ड की सभी गली व नालियों की सफाई की गई।

बता दें कि नगर पालिका के अंतर्गत शहर के 15 वार्डों में लगभग पचास हजार की आबादी निवास करती है। बीते दिनों नगर में बरसात होने से मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। जिससे शहर में मच्छरों के काटने से लोगों में डेंगू-मलेरिया जैसी भयानक बीमारियां उत्पन्न होने का खतरा बना हुआ था। अब नगर पालिका द्वारा शहर मं फॉगिंग होने से मच्छरों पर काफी हद तक लगाम लगेगा। चेयरमैन रमेश सैनी ने बताया कि शेड्यूल बनाकर प्रत्येक वार्ड में फोगिंग की जानी है। यह काम प्रतिदिन किया जाएगा। डेंगू, मलेरिया व अन्य मच्छर जनित बीमारियों पर रोकथाम के लिए उन्होंने शहरवासियों से अपने घर व आसपास की खाली जगहों पर जलभराव न होने देने तथा नियमित सफाई रखने की अपील की है।



महेंद्रगढ़। वार्ड सात में फॉगिंग करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**पंप हाउस की क्षमता बढ़ाने का कार्य** | टेल तक पहुंच सकेगा ज्यादा पानी, अगले मानसून में मिलेगा पूरा लाभ

# 19 करोड़ रुपये की लागत से बढ़ रही महेंद्रगढ़ डिस्ट्रीब्यूटरी के सभी 6 पंप हाउस की क्षमता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

महेंद्रगढ़ डिस्ट्रीब्यूटरी के सभी पंप हाउस की क्षमता बढ़ाने का कार्य चल रहा है। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि 19 करोड़ रुपये की लागत से महेंद्रगढ़ डिस्ट्रीब्यूटरी के सभी पंप हाउस की क्षमता बढ़ाने का कार्य चल रहा है। ये कार्य पूरा होने के बाद इन सभी पंप हाउस की क्षमता दोगुना से भी अधिक हो जाएगी और विशेष रूप से टेल पर पड़ने वाले पंप हाउस नंबर-पांच और छह की क्षमता तो तीन गुना बढ़ जाएगी। टेल पर पड़ने वाले गांव पल्ह, पाल, बैरावास, गडानिया, खेडकी, निहालावास, दुलोठ आदि गांवों में नहरी पानी आपूर्ति में बढ़ोतरी होगी। संदीप मालड़ा ने बताया कि विशेष रूप से बरसात के दिनों अधिक पानी पहुंचाया जा सकेगा तथा इस पानी को नालों एवं जोहड़ों आदि में भरने से यहां के भूजल स्तर में सुधार होगा। इन गांवों में भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है तथा खेती पर भी संकट खड़ा होता दिख रहा है। वर्तमान में कुराहवटा स्थित एमडी–एक पंप हाउस की क्षमता 120 क्यूसक है, जो अब बढ़कर 200 क्यूसेक हो जाएगी। इसी प्रकार गांव गडानियां स्थित आखिरी पंप हाउस नंबर–छह की वर्तमान क्षमता 15 क्यूसेक से बढ़कर 45 क्यूसेक हो जाएगी। टेल पर पड़ने वाले तीनों पंप हाउस नंबर चार, पांच एवं छह तो पूरी तरह से नए सिरे से बनाए जा रहे हैं।

### लागत

एमडी एक- चार करोड़
एमडी दो- 3.5 करोड़
एमडी तीन- 3.5 करोड़
एमडी चार- 2.5 करोड़
एमडी पांच- 2.5 करोड़
एमडी छह- 2.5 करोड़



महेंद्रगढ़। निर्माणाधीन गांव गडानिया स्थित पंप हाउस नंबर छह। फोटो : हरिभूमि

**पंप हाउस-वर्तमान क्षमता-बढ़ी हुई क्षमता**

एमडी एक - 120 क्यूसेक - 200 क्यूसेक
एमडी दो - 80 क्यूसेक - 170 क्यूसेक
एमडी तीन - 55 क्यूसेक - 135 क्यूसेक
एमडी चार - 40 क्यूसेक - 80 क्यूसेक
एमडी पांच - 25 क्यूसेक - 65 क्यूसेक
एमडी छह- 15 क्यूसेक - 45 क्यूसेक

### क्षमता में पंप की संख्या

पंप हाउस-वर्तमान पंपों की संख्या-बढ़ी हुई
एमडी एक- वर्तमान पंप छह- बढ़े हुए पंप 9+1(स्टैंड बाय)
एमडी दो- वर्तमान पंप पांच- बढ़े हुए पंप नौ
एमडी तीन- वर्तमान पंप पांच- बढ़े हुए पंप नौ
एमडी चार- वर्तमान पंप चार- बढ़े हुए पंप सात
एमडी पांच- वर्तमान पंप चार- बढ़े हुए पंप आठ
एमडी छह- वर्तमान पंप तीन- वर्तमान पंप सात